प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.02.2025

# महोबा पुलिस


मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 05.02.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.02.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “मिशन शक्ति फेज-5.0” के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे “मिशन शक्ति फेज- 05” के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 05.02.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.02.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने जानलेवा हमला करने वाले वांछित अभियुक्त को अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु आपराधिक प्रवृत्ति के शातिर वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर उ0नि0 श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गई व0उ0नि0 मलखान सिंह, उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी मय हमराह का0 पंकज कुमार व कां0 भरत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 22/2025 धारा 109(1)/352/126(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त अंशुल गुप्ता पुत्र कामता प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को राम जानकी मन्दिर के पास ग्राम पुरवा पनवाड़ी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त की निशांदेही पर 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद मिस कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। अवैध शस्त्र की बरामदगी के संबंध में अभियुक्त के विरूद्ध मुकदमा उपरोक्त में नियमानुसार धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

अंशुल गुप्ता पुत्र कामता प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम ननौरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 मलखान सिंह
2. उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी
3. का0 पंकज कुमार
4. का0 भरत सिंह



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.02.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 04.02.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 सुबाषचन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त मुन्नालाल अहिरवार पुत्र घसीटा अहिरवार उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक की पिपिया में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब नाजायज बरामद करते हुए ग्राम सौरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 24/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

मुन्नालाल अहिरवार पुत्र घसीटा अहिरवार उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 सुबाषचन्द्र तिवारी
2. हे0का0 शत्रुघन सिंह



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 05.02.2025

मीडिया सेल, महोबा

## फेक न्यूज एवं साइबर अपराध के विरुद्ध उ0प्र0 पुलिस के अभियान में "डिजिटल वॉरियर" के रूप में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के सम्बन्ध में जनपद महोबा के समस्त थानों की पुलिस टीम द्वारा किया गया जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन-

उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराध और फेक न्यूज से लड़ने के लिए एक अनूठी पहल की शुरुआत की गयी है। उ0प्र0 पुलिस के इस "डिजिटल वॉरियर" अभियान के तहत युवा पीढी को साइबर अपराध के प्रति जागरुक किये जाने व इस अभियान में युवाओं की भी सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से आज दिनांक- 05.02.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा के समस्त थानों की पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के स्कूल, कालेज, कस्बों, प्रमुख चौराहों में जागरुकता कार्यक्रम एवं चौपाल का आयोजन किया गया है।

इस जागरुकता कार्यक्रम के दौरान फेक न्यूज के खण्डन, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता एवं पुलिस के सराहनीय कार्यों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित किए जाने के लिए युवा पीढ़ी के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एवं कॉलेज के छात्रों को उ0प्र0 पुलिस का "डिजिटल वॉरियर" बनाए जाने के सम्बन्ध में जागरुक किया गया है।

इस छात्रों को साइबर क्राइम एवं फेक न्यूज़ को रिपोर्ट करने, सामाजिक दायरे में फेक न्यूज़ एवं साइबर अपराध के प्रति अपने परिवारीजनों एवं मित्रों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को साइबर अपराध और फेक न्यूज के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय भागीदार बनाना था। इस दौरान कॉलेज के छात्रों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को यूपी पुलिस के डिजिटल वॉरियर के रूप में तैयार किया गया।

**छात्र लोगों को करेंगे जागरूक-** छात्रों को न केवल फेक न्यूज की पहचान और रिपोर्टिंग के बारे में प्रशिक्षित किया गया, बल्कि पुलिस के सराहनीय कार्यों को विभिन्न प्लेटफॉर्म पर प्रसारित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विशेष जोर इस बात पर दिया गया कि छात्र अपने परिवार के सदस्यों और मित्रों को भी साइबर अपराध और फेक न्यूज के प्रति जागरूक करें। उ.प्र. पुलिस की इस पहल से एक व्यापक जागरूकता अभियान का नेटवर्क तैयार किया जा सकेगा।

